# राईजिंग नेचर फाउण्डेशन

RISING NATURE FOUNDATION

## प्रगति आख्या वर्ष : 2021—2022

PRESIDENT
Rising Nature Foundation
Bisalpur Road, Faridpur, Bareilly (U.P.)

Scanned with OKEN Scanner

# प्रगति आख्या वर्ष : 2021–22

'राईजिंग नेचर फाउण्डेशन' पंजी0 कार्यालय – मो0 मिर्धान, बीसलपुर रोड, फरीदपुर, जिला – बरेली (उ0प्र0) एवं प्रशासनिक कार्यालय – 427, इन्दिरा नगर, बरेली (उ0प्र0), इंडियन ट्रस्ट एक्ट 1882 के अंतर्गत पंजीकृत एक समाजसेवी ट्रस्ट/गैर सरकारी संगठन/एन0जी0ओ0 है। संस्थान अपने स्थापना वर्ष से ही समाज के उपेक्षित, दलित, पिछड़े वर्ग, विकलांगो, अनुसूचित जाति व जनजाति एवं अन्य सामान्य वर्ग के कल्याण तथा उत्थान के लिए अपनी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रयासरत है।

इसी क्रम में 'राईजिंग नेचर फाउण्डेशन' रसायनिक कृषि से होने वाले नुकसानों को मद्देनजर रखते हुए, किसान भाईयों को प्रशिक्षित करते हुए जैविक खेती हेतु प्रेरित करते हुए एक पायलट परियोजना 'जैविक कृषि विकास परियोजना' का भी सफल संचालन कर रही है। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण व राष्ट्रीय एकीकरण को भी बढ़ावा दे रही है। वर्ष 2021–22 में कुल प्राप्ति व भुगतान 3042271.00 रूपये रहा है। संस्थान द्वारा वर्ष 2021–22 में किये गये सामाजिक कार्यों का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है :–

**1– जैविक कृषि विकास परियोजना :–** संस्थान द्वारा इस परियोजना पर वर्ष 2021–22 में 755343.00 रूपये खर्च किए गये। राष्ट्रहित व जनहित मे ऑर्गेनिक कृषि के दीर्घावधि लाभों को देखते हुए ऑर्गेनिक/जैविक कृषि के संवर्धन के लिए संस्थान ने 'जैविक कृषि विकास परियोजना' नामक पॉयलट प्रोजेक्ट का शुभारम्भ अपने स्थापना के समय से ही किया था। जोकि भारत को रासायनिक हरित क्रान्ति से 'सदाबहार जैविक हरित क्रान्ति' की ओर अग्रसारित कराने हेतु कृत संकल्पित है।


'राईजिंग नेचर फाउण्डेशन' ने 'जैविक कृषि विकास परियोजना' का सहयोगी संस्थानों (1) सांईनाथ जागृति ग्रामीण विकास संस्थान, सेक्टर–सी, बुद्ध बिहार कालोनी, एल0आई0जी0बी0–175, तारामण्डल रोड, गोरखपुर, उ0प्र0 एवं (2) सोसाइटी

PRESIDENT
Rising Nature Foundation
Bisalpur Road, Faridpur, Bareilly (U.P.)

ऑफ राईजिंग यूनिवर्स, कर्मचारी नगर, नियर स्टेट बैंक, मिनी बाईपास रोड, बरेली, उ0प्र0 के माध्यम से बस्ती मण्डल में शुभारम्भ कराया और बस्ती व संतकबीर नगर जनपदों में बेहतरीन रिजल्ट प्राप्त किये।











PRESIDENT
Rising Nature Foundation
Bisalpur Road, Faridpur, Bareilly (U.P.)

बस्ती में अलग–अलग ब्लॉको में पांच–पांच ग्राम पंचायतों पर एक–एक 'जैविक कृषि मित्र' को नियुक्त करके जैविक कृषि क्लब की स्थापना कराकर किसान भाईयों को रासायनिक खेती से नुकसान व जैविक खेती की आवश्यकता को समझाते हुए उन्हें विषमुक्त जैविक खेती के लिए जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त किसान भाईयों को जैविक कृषि की विभिन्न विधाओं की जानकारी दी गई कि किस प्रकार से आप अपने आस–पास की चीजों से कृषि के लिए आवश्यक शक्तिशाली जैविक खाद बना सकते हैं और जो किसान भाई नही बना सकते हैं, उन आर्गेनिक खादों की उपलब्धता को सब्सिडी पर 'जैविक कृषि क्लब' के माध्यम से सुगम बनाया गया।

'जैविक कृषि विकास परियोजना' के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक संसाधन जैसे मानव संसाधन हेतु प्रशिक्षण देने वाले निपुण प्रशिक्षक/विशेषज्ञ उपलब्ध हैं एवं आवश्यकतानुसार नियुक्त भी किये जायेंगे। इस कार्य में सहयोग देने के लिए देश के विभिनन संस्थानों के कृषि वैज्ञानिक, उत्कृष्ठ किसान, प्रयोगधर्मी किसान, कृषि विशेषज्ञ, लेखक आदि लोग भी अपना यथोचित सहयोग देकर ' राईजिंग नेचर फाउण्डेशन' के इस प्रोग्राम को लाभान्वित कर रहे हैं।




PRESIDENT
Rising Nature Foundation
Bisalpur Road, Faridpur, Bareilly (U.P.)

जनपद पीलीभीत के बरखेड़ा ब्लॉक एवं बीसलपुर के परिक्षेत्रों में जैविक प्रशिक्षक श्री रामौतार मौर्य जी के निर्देशन में ग्राम कुर्रैया में जैविक कृषि केन्द्र स्थापित करके समूह बनाकर किसान भाईयों को जैविक कृषि की विभिन्न विधाओं को सिखाते हुए उन्हें सफल जैविक कृषक बनने की दिशा में प्रोत्साहित किया गया तथा उनके द्वारा उत्पादित ऑर्गेनिक कृषि उत्पादों को बाजार की व्यवस्था सुगम बनाई गई। इसी के साथ जैविक प्रशिक्षक श्री सूरज यादव जी के निर्देशन में बरेली के मीरगंज और रामपुर जनपद के मिलक तहसीलों के परिक्षेत्रों में विभिन्न कृषक गोष्ठीओं का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया और किसान भाईयों को जैविक कृषि हेतु प्रेरित किया गया।


**2– पशु संरक्षण जागरूकता अभियान** :– संस्थान द्वारा इस कार्यक्रम पर वर्ष 2021–22 में 96524.00 रूपये खर्च किये गये हैं। इस कार्यक्रम का पीलीभीत व बस्ती जनपद में सफल संचालन किया गया।

ग्रामीण क्षेत्रों में किसान भाईयों को पशुओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व उनके पालन पोषण तथा उनकी उपयोगिता के बारे में शिविर लगाकर जानकारी दी गई कि पशुधन किस प्रकार जैविक खेती का भी आधार है और किसान भाईयों की नियमित आजीविका का एक सफल साधन है। शिविर में पशुओं का स्वास्थ्य से सम्बन्धित परीक्षण डॉक्टर्स की कुशल टीम द्वारा किया गया।

**3– स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम** :– संस्थान द्वारा इस कार्यक्रम पर वर्ष 2021–22 में 84526.00 रूपये खर्च किये गये। संस्थान द्वारा जनसामान्य व समाज के हित में विभिन्न गंभीर बीमारियों जैसे हेपेटाइटिस–बी, टाईफाईड, स्वाइन फ्लू एवं सरवाईकल कैंसर इत्यादि के प्रति निःशुल्क जागरूकता के साथ बचाव हेतु पी0पी0पी0 मॉडल के अंतर्गत स्वैच्छिक टीकाकरण महाभियान की व्यवस्था जनपद बरेली व बदायूं के प्रखण्डों में संचालित किया गया। जिसमें सहायक संस्थान 'सोसाइटी ऑफ राईजिंग यूनिवर्स' के सहयोग से टीकाकरण शिविरों का अयोजन ग्राम सभाओं के सरकारी

PRESIDENT
Rising Nature Foundation
Bisalpur Road, Faridpur, Bareilly (U.P.)


स्कूलों पर किया गया। संस्थान द्वारा 02 वर्ष से बड़े बच्चों व व्यस्कों सभी के लिए टीकाकरण की व्यवस्था की गई। संस्थान द्वारा बरेली शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में, मलिन बस्तियों में निर्धन बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण डॉक्टरों की कुशल टीम द्वारा किया गया।





**4— उपभोक्ता संरक्षण कार्यक्रम :—** संस्थान द्वारा इस कार्यक्रम पर वर्ष 2021—22 में 32000.00 रूपये खर्च किये गये हैं। संस्थान द्वारा 15 मार्च को उपभोक्ता दिवस पर जनपद रामपुर के मिलक तहसील के ग्रामीण परिक्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को मिलने वाली सहायता के बारे में तीन दिवसीय कैम्प के आयोजन के द्वारा बताया गया। क्योंकि अधिकतर ग्रामीण ही इसके शिकार होते हैं। घटतौली, मानक स्तर की सामग्री और उचित मूल्य आदि के प्रति उन्हे सचेत किया गया।

PRESIDENT
Rising Nature Foundation
Bisalpur Road, Faridpur, Bareilly (U.P.)


**5– औषधीय कृषि जागरूकता कार्यक्रम :–** संस्थान द्वारा इस कार्यक्रम पर वर्ष 2021–22 में 688459.00 रूपये खर्च किये गये। साधारणतया परम्परागत फसलों के कृषिकरण में किसान भाईयों को उनकी मेहनत के अनुसार फल नहीं मिल पाता है। कभी फसलें विभिन्न बीमारियों की चपेट में आसानी से आ जाती हैं। तो कभी प्राकृतिक आपदाओं के कारण उनकी मेहनत पर अकसर पानी फिर जाता है। ऐसी परिस्थितियों में किसान भाईयों की मजबूरी और लाचारता को समझते हुए उन्हें संस्थान द्वारा औषधीय/सुगंध पौधो के कृषिकरण हेतु प्रेरित किया गया। इसके लिए भारत सरकार के संस्थान सी–मैप, लखनऊ से मान्यता प्राप्त कम्पनियों से अनुबंध स्थापित किये गये ताकि किसान भाईयों द्वारा तैयार उत्पादन को बेंचने के लिए भटकना नही पड़े और उनके घर या ग्राम से ही इन उत्पादों की बिक्री हो जाये। इस सम्बन्ध में जनपद बरेली, रामपुर, पीलीभीत में विभिन्न स्थानों पर कृषक गोष्ठ का सफल आयोजन किया गया।


PRESIDENT
Rising Nature Foundation
Bisalpur Road, Faridpur, Bareilly (U.P.)

Scanned with OKEN Scanner









PRESIDENT
Rising Nature Foundation
Bisalpur Road, Faridpur, Bareilly (U.P.)





**6– महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम :–** संस्थान द्वारा इस कार्यक्रम पर वर्ष 2021–22 में 96857.00 रूपये खर्च किये गये। महिला सशक्तिकरण का राष्ट्रीय उद्देश्य महिलाओं की प्रगति और उनके आत्म विश्वास का संचार करना है। महिला सशक्तिकरण देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वे रचनाकर होती है। अगर आप उन्हें सशक्त करें, उन्हे शक्तिशाली बनाये, प्रोत्साहित करें। यह समाज और देश दोनो के लिए अच्छा है। उपरोक्त के सम्बन्ध में संस्थान द्वारा 24 जनवरी के 'राष्ट्रीय बालिका दिवस पर एक गोष्ठी' का आयोजन किया गया। यह खास दिन बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और लड़कियों के प्रति समाज में समानता लाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस खास दिन को मनाने की शुरूआत सबसे पहले साल 2008 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा की गई थी।


PRESIDENT
Rising Nature Foundation
Bisalpur Road, Fandpur, Bareilly (U.P.

Scanned with OKEN Scanner

संस्थान के अध्यक्ष डी0पी0 सिंह भदौरिया जी ने गोष्ठी में कहा कि शिक्षा ही भविष्य बनाती है, शिक्षा ही आगे बढ़ाती है। सभी छात्रायें अपने उज्जवल भविष्य के लिए आगे की पढ़ाई जारी रखें। नगर विधायक श्री अरूण कुमार जी ने कहा कि सभी अभिभावक जितना बेटे को चाहते हैं उतना ही बेटी को चाहें। दोनो को एक समान समझते हुए अपनी बेटी को शिक्षित जरूर बनायें। बेटियां किसी से कम नहीं और हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। यही पढ़ी–लिखी बेटियां ही महिला सशक्तिकरण का सफल आधार बनेंगी।

**7– विश्व पर्यावरण दिवस :–** संस्थान द्वारा इस कार्यक्रम पर वर्ष 2021–22 में 61254.00 रूपये खर्च किये गये। जनपद शाहजहांपुर में विकास खण्ड खुदागंज के परिक्षेत्रों में एक पदयात्रा व गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विषयक विशेषज्ञों द्वारा पर्यावरण और प्रदूषण क्या है इस पर चर्चा की गई। पर्यावरण प्रदूषण देश की एक गंभीर समस्या है। अतः इस समस्या के प्रति लोगों को जागरूक बनाने हेतु पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।







PRESIDENT
Rising Nature Foundation
Bisalpur Road, Fandpur, Bareilly (U.P.)

**8– धीरपुर ऑर्गेनिक फार्म :–** संस्थान द्वारा इस कार्यक्रम पर वर्ष 2021–22 में 324521.00 रूपये खर्च किये गये। जनपद बरेली के मझगवां विकास खण्ड के परिक्षेत्र मे ग्राम धीरपुर के अंतर्गत किसान भाईयों को ऑर्गेनिक फार्मिंग एवं औषधीय/सुगंध पौध के कृषिकरण का मॉडल प्रस्तुत करने एवं अपनी आय को उच्चतम स्तर पर ले जाने के उद्देश्य को सरलता और सहजता से प्राप्त करने हेतु एक 30 बीघा का कृषि फार्म किराये पर लिया गया। उक्त कृषि फार्म पर किसान भाईयों को विविध प्रकार की आर्गेनिक फार्मिंग की विधियों को बड़े ही सरल प्रकार से करके दिखाया गया तथा उक्त परिक्षेत्र में ऑर्गेनिक कृषि के साथ मल्टीलेयर फार्मिंग और कृषि विविधीकरण के मॉडल भी बनाकर, किसान भाईयों को प्रशिक्षित किया गया।






PRESIDENT
Rising Nature Foundation
[illegible] Road, Fandpur, Bareilly (U.P.)




**9— कोविड—19 जागरूकता कार्यक्रम :—** संस्थान द्वारा इस कार्यक्रम पर वर्ष 2021—22 में 18000.00 रूपये खर्च किये गये। जब 31, दिसम्बर 2019 को चीन में कोरोना वायरस से संक्रमित एक व्यक्ति का पहला मामला सामने आया, तो किसी ने अपनी बेहताशा कल्पना में भी कल्पना नही की थी कि एक साधारण सी दिखने वाली घटना विशाल संकट के रूप में विस्फोट कर सकती है और पूरी दुनिया को उसमें समाहित कर सकती है। दुनिया भर के लोगो ने इसे लापरवाही के दृष्टिकोण और शालीनता के साथ लिया और इसी लापरवाही वाली प्रवृत्ति ने महामारी को एक असहनीय पैमाने तक संक्रमित करने में मुख्य भूमिका निभाई।


आरम्भ में लोग बड़ी लापरवाही के साथ इस तथ्य को स्वीकार करने से कतरा रहे थे कि महामारी हमारे क्षेत्रों में भी आ सकती है। बहरहाल, 'राईजिंग नेचर फाउण्डेशन' ने जागरूकता और निवारक उपायों पर ध्यान केन्द्रित करके महामारी के प्रसार को रोकने के लिए सख्ती से काम करना शुरू कर दिया। रोकथाम के विभिनन तरीकों के लिए प्राप्त महामारी और ज्ञान की उन्नति के साथ सामाजिक दूरी, हाथ धोने और स्व—अलगाव को भी बढ़ावा दिया था। होम मेड फेस मास्क और उनको पहनने पर ग्रामीण इलाकों में जोर दिया गया। पर्याप्त जागरूकता हेतु पम्पलेट

PRESIDENT
Rising Nature Foundation
Bisalpur Road, Faridpur, Bareilly (U.P.)

Scanned with OKEN Scanner

बनवाकर अखबारों में रखवाकर वितरित कराये गये। मलिन बस्तियों में सेनिटाईजर की छोटी–छोटी शीशियों को उपलब्ध कराया गया।

**10– खेड़ा नवादा आर्गेनिक फार्म :–** संस्थान द्वारा इस कार्यक्रम पर वर्ष 2021–22 में 250200.00 रूपये खर्च किये गये। संस्थान द्वारा आर्गेनिक फार्मिंग और औषधीय/समंध फसलों के कृषिकरण को किसानों के बीच प्रोमोट करने के उद्देश्य से तथा वास्तविक रूप मे दिखाने के लिए जनपद शाहजहांपुर के तिलहर तहसील के परिक्षेत्र में खेड़ा नवादा ग्राम पंचायत में एक 15 बीघा का फार्म किराये पर लिया गया और कृषि विविधीकरण व औषधीय फसल रोसेला और अश्वगंधा की कृषि को प्रमोट किया गया। औषधीय/समंध फसलों के कृषिकरण में प्राकृतिक आपदा और बीमारियों का खतरा कम और कभी–कभी न के बराबर होता है और परम्परागत फसलों की अपेक्षा उच्च आय की प्राप्ति किसान भाईयों को होती है।





अध्यक्ष/सचिव

'राईजिंग नेचर फाउण्डेशन'

PRESIDENT
Rising Nature Foundation
Bisalpur Road, Faridpur, Bareilly (U.P.)